


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 136 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 26 फरवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया

## चार साल में सबसे ठंडा फरवरी

### छाए रहे बादल, शीतलहर ने बढ़ाई ठंडक

**मंदसौर, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** बसंत पंचमी के साथ ही पतझड़ का मौसम शुरु हो गया है। लेकिन, सर्दी पीछा नहीं छोड़ रही है। मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। ठंडक तेज हो गई है। बता दें कि 4 साल में इस बार फरवरी के आखिर में ज्यादा ठंडक है। जिले में फरवरी की शुरुआत ठंडक भरी रहती है और अंत में गर्मी का अहसास होने लगता है। इस साल अब तक ऐसा नहीं हो सका है। फरवरी के आखिरी में भी मौसम महीने की शुरुआत जैसा ही है। उत्तरी हवा से मौसम ने करवट ली है। शनिवार को अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री व न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री दर्ज किया गया। बता दें कि पिछले 4 साल में इस बार सबसे ठंडा मौसम है। पिछले साल की बात करें तो दिन का पारा 35 डिग्री के आसपास था।

# रसूखदारों के आगे नतमस्तक नगरपालिका

## अरबों रुपए की वसूली बाकी

**मंदसौर, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश सरकार द्वारा कई मद की राशि रोक लिए जाने से इन दिनों नगरपालिका आर्थिक तंगी में चल रही है। यहां तक की कर्मचारियों को वेतन बांटने में ही नपा को पसीने आ रहे हैं। ऐसे में भी रसूखदारों पर बकाया 16 अरब से अधिक करों की राशि वसूलने में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। चालू वर्ष में ही सवा करोड़ की राशि बकाया चल रही है। शासन का भले ही राजस्व वसूली पर फोकस हो और समय- समय पर राजस्व वसूली की समीक्षाएं हो रही हो, लेकिन, नपा फिर भी राजस्व वसूली में पीछे रह जाती है। वसूली सतत चलने वाली प्रक्रिया बताई जाती है, लेकिन असल में तो नपा के बड़े बकायादारों के कारण ही नपा वसूली के लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाती है। दुकानों से लेकर भवन के अलावा लीज वृद्धि से लेकर जलकर सहित संपत्ति कर के अलावा अन्य तरीको के करों से की जाने वाली वसूली में छोटे करदाता तो हर बार अपना कर जमा कराकर नपा के लिए कारगर साबित होते हैं। लेकिन, बड़े बकायादार व रसूखदार नाम हर बार नपा के लिए मुश्किलें खड़ी करते हैं और लक्ष्य वसूली में नपा को पीछे के पायदान में रखने का श्रेय इन रसूखदार व बड़े बकायादारो को ही जाता है।

वित्तीय वर्ष समाप्त होने को है और नपा का पूरा खजाना खाली है। ऐसे में अब नपा को राजस्व वसूली याद आ रही है। पूरे साल तो राजस्व वसूली पर फोकस किया नहीं और बचे हुए सवा माह में 65 प्रतिशत राजस्व वसूली नपा के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 35 प्रतिशत ही राजस्व वसूली नपा कर पाई है। हालांकि नपा की राजस्व वसूली का औसत देखे तो शतप्रतिशत वसूली कभी हुई नहीं है और फरवरी-मार्च में ही राजस्व वसूली अधिक होती है। 70 से 80 प्रतिशत राजस्व वसूली हर बार होती है। इस प्रकार हर साल बकाया राशि का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। हर बार की तरह बड़े बकायादारों को नोटिस देने की औपचारिकता भी पूरी की जा रही है। दुकानों से लेकर जलकर और नगरीय विकास से लेकर शिक्षा उपकर में बड़ी राशि की वसूली नपा के लिए चुनौती बना हुई है।

नपा के राजस्व अमले से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक की नपा की वसूली लगभग 35 प्रतिशत ही हो पाई है। चालू वर्ष में 1 अरब से ज्यादा की राशि बकाया है। तो वहीं पिछले सालों की मिलाकर अब तक नपा की कुल बकाया राशि 23 अरब से ज्यादा की राशि बकाया है। इसमें से 6 अरब 19



करोड़ 2 हजार 165 की वसूली हुई तो 16 अरब से ज्यादा की राशि फिर भी बकाया चल रही है। कुल बकाया राशि में से वसूली का प्रतिशत सिर्फ 27.77 है।

### ऑनलाइन कर जमा कराने में लोगों की रुचि कम...

नपा ने कुछ समय पहले ऑनलाइन कर जमा कराने की व्यवस्था की। इसके लिए पूरा सिस्टम भी तैयार किया। लेकिन, शहरवासियों ने इसमें रुचि नहीं दिखाई। तीन साल से अधिक समय होने के बाद भी अब तक सिर्फ 5 से 10 प्रतिशत लोगों को ही ऑनलाइन सिस्टम पर भरोसा है। बाकी सब ऑफ लाइन ही नपा पहुंचकर अपना कर जमा करवाकर रसीद प्राप्त कर रहे है। जलकर में हर माह कर जमा कराने वालों की संख्या सबसे अधिक है। राजस्व वसूली में भी नपा ने दुकानों व लीज वृद्धि को अलग कर रखा है, बाकी सब राजस्व अलग जगह है।



# नींबू के भाव ने बढ़ाई खटास

## बाजार में 10 रुपए का एक मिल रहा, सब्जियों के भाव भी बढ़े

**मंदसौर, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** बाजार से इन दिनों नींबू गायब हो गया है या शोर्टेज कर दी गई है। 10 दुकानों पर पूछो तो किसी एक पर नींबू मिलेगा। लेकिन दाम सुनकर आप चौंक जाएंगे। नींबू 200 से 300 रुपए किलो तक बेचा जा रहा है। इस साल दाम में काफी ज्यादा उछाल आया है।

गर्मी में नींबू की जरूरत हर व्यक्ति को होती है। खाने का स्वाद बढ़ाना हो या शिकंजी की ठंडक, नींबू ही सबसे पहले याद आता है। लेकिन गर्मी आने से पहले नींबू के भाव बढ़ गए है। 15 दिन पहले बाजार में नींबू 50 रुपए किलो बिक रहा था। 10 रुपए में तीन या चार नींबू मिल रहे थे। मौसम ठंडा था, पूछपरख ज्यादा नहीं थी। अब गर्मी की शुरुआत होते ही नींबू के दाम बढ़ गए है। रविवार को हाल ऐसा था कि दुकानों पर 200 रुपए किलो में नीबू मिला रहे है। वे भी छोटे - छोटे, अच्छे और बड़े नींबू ढूंढने से भी नहीं मिल रहे। क्योंकि व्यापारियों ने रखे ही नहीं। जिन व्यापारियो ने रख रखे है वे दस रुपए का एक बेच रहे है। पिछले साल से इस बार दाम काफी बढ़े हुए हैं। पिछले साल फरवरी के आखिरी में नींबू 100 रुपए किलो बिका था। सब्जी विक्रेता अशोक सिंधी ने बताया कि बाजार में पुरानी आवक कम हो गई है। अब बाजार में नया नींबू आएगा। इससे आवक सुधरेगी। शादियों का सीजन और गर्मी भी है। इससे डिमांड ज्यादा है और थोक में दाम बढ़े हैं। फिलहाल मार्च में दाम ज्यादा रहने की संभावना है।

### कोल्ड स्टोरेज पर छापों की दरकार...

जानकारों की माने तो सब भंडारण का खेल है। पिछले साल अप्रैल - मई में जाकर कोल्ड स्टोरेज से नींबू बाहर निकले थे। उस साल आखिर में नींबू 400 रुपए से ज्यादा भाव पर बिका था। इस साल भी कोल्ड स्टोरेज मालिको ने बड़ी मात्रा में बाजार से नींबू खरीदकर स्टॉक कर लिया होगा। इसलिए इन दिनों जब नींबू के भाव 20 - 30 रुपए बिकना चाहिए, ऐसे समय में छोटे छोटे नींबू 200 रुपए किलो तक बिक रहे है। जमाखोरों पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन को कोल्ड स्टोरेज पर छापामारी करना चाहिए।

## प्रेमिका द्वारा शादी करने से नाराज पुराने प्रेमी ने किया फायर, दादा-पोता घायल

**मंदसौर, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अफजलपुर थाना क्षेत्र के लदुसा के निकट रविवार शाम को प्रेम प्रसंग के चलते गोली चलने की वारदात हुई। महिला ने



करीब 20 दिन पहले दूसरा विवाह कर लिया था। लेकिन, रविवार को उसका पहला पति महिला को वापस लेने के लिए आ गया। जब महिला ने उसके साथ जाने से मना किया तो पहले पति ने कंजरों के साथ मिलकर गोली चला दी। घटना में बीच बचाव कर रहे दादा - पोता घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए बड़े अस्पताल लाया गया।

अफजलपुर थाना प्रभारी दर्शना मुजाल्दे ने बताया कि महिला ने खेजडिया के अर्जुन नामक युवक से शादी की थी। जिसे छोड़कर करीब 20 दिन पहले उसने अर्जुन को छोड़कर लदूसा के निकट मुनावर गांव के गंगाराम से विवाह रचा लिया और उसी के साथ रहने लगी। लेकिन, रविवार को महिला का पहला पति अर्जुन उसे वापस लेने के लिए आ गया। जब महिला ने उसके साथ जाने से मना कर दिया तो दोनों के बीच विवाद हो गया। बाद में अर्जुन अपने साथ कंजर को लेकर आया और गोली चला दी। इस घटना में मौके पर मौजूद बीच बचाव कर रहे भोलाराम और उनके पोते शुभम को हल्की चोट आई है। दोनों को छर्रे लगने से बड़े अस्पताल लाया गया। जहां दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। टीआई मुजाल्दे ने बताया कि घटना के तत्काल बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, अन्य की तलाश की जा रही है।

## परीक्षा में चल रही थी नकल, जांच के बाद पर्यवेक्षक निलंबित

**मंदसौर, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल परीक्षा में नाहरगढ़ के शासकीय बालक उमावि का निरीक्षण किया गया। कक्ष क्रमांक 15 में पर्यवेक्षक के रूप में अब्दुल कादिर प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक विद्यालय कचनारा की ड्यूटी लगाई गई थी। निरीक्षण के दौरान इस कक्ष के बच्चों को आपस में बातचीत करते हुए पाया गया तथा परीक्षार्थी जितेन्द्र गेहलोत रोल नम्बर 144128143 का प्रश्नपत्र अन्य परीक्षार्थी को दिया जाना पाया गया। जांच के बाद अब्दुल कादिर को निलंबित किया गया है।

शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि स्पष्ट है कि अब्दुल कादिर प्राथमिक शिक्षक द्वारा अपने पदीय कर्तव्य के निर्वहन में लापरवाही की गई है। अत: इस लापरवाही के लिए श्री अब्दुल कादिर प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक विद्यालय कचनारा को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण अपील) नियम 1966 के प्रावधानों के अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाता है। निलंबन काल में श्री अब्दुल कादिर प्राथमिक शिक्षक का मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सीतामऊ नियत किया जाता है। निलंबन काल में श्री अब्दुल कादिर को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।



तैयारी- पशुपतिनाथ मंदिर के गर्भ गृह में महाशिवरात्रि की तैयारियों को लेकर दरवाजों पर चांदी की पालिश का कार्य किया जा रहा है।

### युवक ने फांसी लगाई, मौत

**मंदसौर, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** रविवार दोपहर शहर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगा ली। जिससे दम घुटने से उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था।

शहर कोतवाली पुलिस ने बताया कि रूपेश पिता झमक लाल केथवास ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बड़े अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता लगा है कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था और शराब पीने का भी आदी था। पुलिस आगे इस मामले में अभी जांच कर रही है।

## डेमू ट्रेन में महिला और दिव्यांगों के कोच में आम यात्रियों का कब्जा, रेल प्रशासन अनजान



**मंदसौर, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** डेमू व मेमू सहित सभी यात्री ट्रेनों में महिला और दिव्यांग यात्रियों के लिए कोच आरक्षित हैं। लेकिन, कई बार महिलाओं के कोच में पुरुष यात्री सीटों पर कब्जा कर लेते हैं। विरोध करने पर वाद-विवाद करते हैं। पूरे मामले का मतलब यह है कि इस गलत बात को रोकने की जिम्मेदारी आरपीएफ, जीआरपी की है। लेकिन, दोनों ही प्लेटफॉर्म से नदारद है।

इंदौर से रतलाम व मंदसौर - नीमच होते हुए चित्तौडगढ़ तक चलने वाली डेमू ट्रेन में भी महिला और दिव्यांग यात्रियों के लिए अलग से कोच आरक्षित है। लेकिन, यहां भी पुरुष यात्री घुस जाते है। जबकि कोच के बाहर महिला और दिव्यांग यात्री की सूचना लगी है। महू - रतलाम डेमू ट्रेन शनिवार दोपहर प्लेटफार्म- 1 पर पहुंची। यात्रियों ने यह भी नहीं देखा कि कोच महिला और दिव्यांगों के लिए आरक्षित है। महिलाओं के साथ वे भी कतार में लगकर चढ़ते नजर आए। येही नजारा ट्रेन के रतलाम पहुंचने पर दिव्यांग डिब्बे का था। दिव्यांग व महिलाओं के लिए आरक्षित कोच में सामान्य व पुरुष यात्रियों का कब्जा रहता है।

बता दे की महिला कोच में पुरुष यात्रियों का सफर करना अपराध की श्रेणी में आता है। आरपीएफ ने पूर्व में कार्रवाई की थी। लेकिन, रतलाम स्टेशन पर आरपीएफ इन कोच की अब जांच तक नहीं करती है। शनिवार को प्लेटफार्म नंबर 1 पर डेमू ट्रेन खड़ी थी। पास में ही आरपीएफ थाना है, लेकिन यहां कोई भी सिपाही नहीं था। रेलवे एक्ट के मुताबिक महिला कोच में यात्रा करने पर पुरुष यात्री पर रेलवे एक्ट की धारा 162 और दिव्यांग कोच में सामान्य यात्रियों के सफर करने पर 155 के तहत कार्रवाई की जाती है। इसमें आर्थिक जुर्माना से लेकर जैल तक की सजा का प्रावधान है।

### शिकायत पर भी एक्शन नहीं....

महिला यात्रियों के अनुसार उनका ग्रुप अपडाउनर है। कई बार मंदसौर से रतलाम आते समय पुरुष यात्री महिलाओं के डिब्बे में आ जाते है। विरोध करने पर विवाद करते है। ट्वीट करने पर भी कार्रवाई नहीं होती है। इतना ही नहीं, रतलाम में तो डेमू ट्रेन जिस प्लेटफॉर्म पर आती है, उसके करीब ही आरपीएफ थाना व उसी प्लेटफॉर्म पर जीआरपी थाना है। लेकिन, ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर आते ही जवान नदारद हो जाते है। ऐसे में महिला यात्रियों व दिव्यांग को परेशानी का सामना करना होता है।

## पिकअप से मिला 3.50 क्विंटल डोडाचूरा, दो गिरफ्तार

**प्रतापगढ़, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले की रठाजना पुलिस ने पिकअप से साढे तीन क्विंटल से ज्यादा डोडाचूरा जप्त किया है। मामले में चालक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में पुलिस विस्तृत जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि रात में मुखबीर से सूचना मिली। जिसमें पता चला कि रठांजना, रतनीया खेडी मोजा पानमोड़ी की तरफ पिकअप में मादक पदार्थ की तस्करी हो रही है। सूचना मिलने पर पुलिस ने दलबल के साथ योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी। इस दौरान एक पिकअप को रोककर तलाशी ली। चालक ने अपना नाम प्रेमशंकर पिता रामलाल कुमावत उम्र 34 साल निवासी कुणी थाना हथुनिया जिला प्रतापगढ़ व उसके साथ पिकअप मे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम दशरथ दास पिता अम्बादास बैरागी उम्र 32 साल निवासी



कटकडी थाना हथुनिया जिला प्रतापगढ होना बताया। पिकअप की तलाशी लेने पर 22 अलग- अलग कटटो में कुल 350 किलो डोडाचूरा मिला। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## होलिका दहन 24 मार्च को

### मलमास 14 से, होलाष्टक 17 से शुरु होगा

**मंदसौर, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** माघ पूनम के साथ ही 24 फरवरी को माघ मास समाप्त हो चुका है। इसी दिन होली का डांडा भी रोपा गया। 25 फरवरी से फाल्गुन माह की शुरुआत हो गई। यह माह 24 मार्च तक रहेगा। फाल्गुन लगने के साथ ही शहर में जगह-जगह मंदिरों में भगवान के सामने फागोत्सव खेला जाएगा। इस पूरे माह चंग व ढप के साथ होली के पारंपरिक गीत गाए जाएंगे।



ज्योतिषाचार्यो के अनुसार इस माह शादी के छह मुहूर्त है। जिनमें 11 मार्च फुलेरा दूज का अबूझ मुहूर्त रहेगा। फाल्गुन माह का प्राकृतिक, वैज्ञानिक और धार्मिक रूप से भी विशेष महत्व है। होली के दूसरे दिन से हिंदू नववर्ष चैत्र मास का भी शुभारंभ हो जाएगा। होलिका दहन 24 मार्च को होगा। इससे 8 दिन पहले होलाष्क लग जाता है। इस वजह से इस दौरान शुभ मंगल कार्य वर्जित रहेंगे। होली का दहन 24 मार्च रात्रि 11 बजकर 14 मिनट से 12.20 बजे तक रहेगा। 24 को माघ मास समाप्त हुआ और इसी दिन होली का डंडा रोपा गया। वहीं, फाल्गुन आज 25 फरवरी से शुरू हुआ। होली का दहन 24 मार्च रात्रि 11 बजकर 14 मिनट से 12:20 बजे तक रहेगा। रंगों की होली 25 मार्च को खेली जाएगी।

### शुभ कार्य रहेंगे वर्जित...

ज्योतिषाचार्यो के अनुसार 14 मार्च से मीन राशि को मलमास लग जाएंगे, जो 13 अप्रैल तक रहेगे। शुभ कार्य 14 अप्रैल से 26 अप्रैल के बीच संपन्न होगे। इसके बाद शुक्र तारा अस्त हो जाएगा। ऐसे में 28 अप्रैल से 10 जुलाई तक शुभ कार्य बंद रहेंगे। होलाष्क 17 मार्च को रात 8.55 पर लग जाएगा। होलाष्क में कोई भी शुभ कार्य करना वर्जित होता है। इन दिनों में कोई भी शुभ कार्य, विवाह, मुंडन आदि पर रोक लग जाती है।

## मौसम में बदलाव से बढ़ रहे मरीज

### अस्पतालों में लग रही बीमारों की भीड़

**मंदसौर, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मौसम के मिजाज में बार बार हो रहे बदलाव का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। इसकी वजह से एलर्जी की शिकायतें 25 फीसदी तक बढ़ गई हैं। शहर के विभिन्न अस्पतालो में रोजाना एलर्जी के कई पेशेंट पहुंच रहे हैं। दस दिन पहले इनकी संख्या काफी कम थी। इन दिनों हवा में पराग और धूल कण की अधिकता होने से ब्रोन्काइटिस से संबंधित शिकायतें बढ़ रही हैं। इन दिनों वसंत फूल भी खूब खिलते हैं। इसलिए परागकण ज्यादा उड़ते हैं। इसकी वजह से खांसी, सर्दी-जुकाम, आंखों में जलन, सांस की दिक्कत हो रही है।




पहले अस्पतालों में खांसी के मरीज मुश्किल से पांच फीसदी पहुंच रहे थे। अब यह 20 फीसदी से भी ज्यादा हैं। यह ब्रोन्काइटिस की वजह से हैं। आठ-दस दिन तक भी खांसी ठीक नहीं हो रही। इसके साथ ही सर्दी-जुकाम से परेशान मरीज भी बढ़ रहे हैं। इससे बच्चों के साथ ही हर उम्र के लोग प्रभावित हैं। वायरल इंफेक्शन की वजह से नाक बहना, सिरदर्द, बुखार जैसी शिकायतें शामिल हैं। ऐसे केस भी 25 फीसदी तक पहुंच गए हैं। पहले यह 7-8 प्रतिशत तक ही थे। आंखों में जलन के मामले भी सात-आठ फीसदी तक बढ़े हैं। डॉक्टर्स के मुताबिक इन दिनों हवा चलने की वजह से धूल और पराग कणों से एलर्जी होती है। ऐसे में चश्मे का उपयोग करना चाहिए।

## लाख टके का एक ही सवाल.. क्या लोस चुनाव में फिर से सुधीर गुप्ता ही होंगे उम्मीदवार..?

### दर्द-ए-दिल

कुमार दशपुरी

**मंदसौर, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव की आहट हो चुकी है, पूरी संभावना है कि अगले माह के पहले सप्ताह या दूसरे सप्ताह में लोकसभा चुनाव के आचार संहिता लग जाएगी। मंदसौर संसदीय क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव में कौन उम्मीदवार होगा, इस विषय की चर्चाएं, अटकलें, शंका, आशंकाए लगातार चल रही है।

उम्मीदवारी की दावेदारी की फेहरिस्त तो भाजपा में स्वाभाविक रूप से इस बार बहुत लंबी ही है। लेकिन, मौजूदा सांसद सुधीर गुप्ता का दावा फिर से कितना मजबूत है, यह देखने वाली बात होगी। भाजपा में इस दौर में जिस तरह का सिस्टम चल रहा है। उसमें नए अप्रत्याशित चेहरे के आने की संभावना ही समानांतर रूप से परिलक्षित हो रही है। जिस तरह से तीन राज्यों में मुख्यमंत्री के चेहरे निहायती अप्रत्याशित और नए रहे, कुछ वैसा ही फार्मूला यदि लोकसभा चुनाव में भी भाजपा अपनाएगी तो मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र के लिए भाजपा की ओर से चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं की सूची बहुत लंबी हो जाएगी। यदि यही फार्मूला उम्मीदवारी के लिए लागू हुआ तो सुधीर गुप्ता की उम्मीदवारी पर प्रश्न चिन्ह लगा सकता है। हालांकि, सुधीर गुप्ता इतनी आसानी से अपना दावा छोड़ने वाले नहीं है। वह राजनीति के खेल के चतुर खिलाड़ी है, आसानी से अपना टिकट नहीं खोएंगे।

जानकारों का कहना है कि चाहे कितनी भी बातें हो, लेकिन अंत में टिकट तो सुधीर गुप्ता को ही मिलेगा। उम्मीदवारी के परिवर्तन की बात को जिन आधारों पर कहा जा रहा है, उसमें यह तर्क है कि मंदसौर नगर के दो नेताओं को बड़े पदों पर नवाज दिया गया है। जगदीश देवड़ा उपमुख्यमंत्री और बंशीलाल गुर्जर राज्यसभा के सदस्य मनोनीत हो गए हैं। ऐसे में मंदसौर नगर के ही निवासी सुधीर गुप्ता को ही उम्मीदवार बनाया जाए, यह बात कुछ सशंकित सी भी लग रही है।

नीमच जिला पूरा है, रतलाम जिले का जावरा विधानसभा क्षेत्र भी मंदसौर संसदीय क्षेत्र में ही शामिल है। ऐसे में इधर से भी कुछ चेहरों पर विचार हो सकता है। भाजपा के एक सूत्र का यह भी कहना है कि क्योंकि इन दिनों भाजपा में जमाना मोहनलाल भजनलाल और विष्णु लाल का चल रहा है तो ऐसे में लोकसभा चुनाव में भी कोई ऐसा प्रत्याशी चेहरा उम्मीदवार बनाया जा सकता है। पिछले लगातार दो बार के सांसद और सांसद रत्न से भी जिन्हें अभी सम्मानित किया गया है सुधीर गुप्ता को, इनका तो दावा बरकरार रहेगा ही, लेकिन भाजपा में अभी कुछ भी हो सकता है।

विचार-मंथन

# अफसरों पर संभल कर टिप्पणी करें नेता



इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि किसी व्यक्ति को उसके पहनावे के आधार पर ऐसी पहचान से जोड़ कर देखा जाए, जिससे उसका दूर-दूर का भी वास्ता न हो और ऐसा करने से उसके लिए कई तरह के जोखिम पैदा हो जाएं। खबरों के मुताबिक, पश्चिम बंगाल में संदेशखाली मामले को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा के एक नेता ने वहां मौजूद एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को सिर्फ इसलिए खालिस्तानी कह दिया कि उसके सिर पर सिख धर्म की पहचान वाली पगड़ी बंधी थी। स्वाभाविक ही भारतीय पुलिस सेवा के उस अधिकारी ने इस पर आपत्ति जाहिर की कि उस पर कोई धार्मिक टिप्पणी कैसे की जा सकती है और उसकी वेशभूषा की वजह से खालिस्तानी की पहचान से कैसे जोड़ा जा सकता है। यह संभव है कि प्रदर्शनकारियों को पुलिस के रवैये या काम करने के तरीके से शिकायत हो, लेकिन इसके खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जताने और उचित मंच पर शिकायत दर्ज कराने के बजाय वैसी पहचान को लक्ष्य करके टिप्पणी करना बिल्कुल गलत है, जिसे एक अलगाववादी समूह के तौर पर देखा जाता हो और उसके बारे में लोगों की राय सकारात्मक नहीं हो। पिछले कुछ समय से किसी को पहनावे के आधार पर नाहक ही चिह्नित करने की धारणा पल-बढ़ रही है। किसान आंदोलन में शामिल पंजाब के लोगों के बारे में भी पूर्वाग्रहों से भरी टिप्पणियां करने की खबरें आई थीं। ऐसे मामले अगर अक्सर सामने आने लगें तो इससे न सिर्फ कुछ खास पहचान वाले आम लोगों के लिए मुश्किल पैदा होगी, बल्कि ऐसे पूर्वाग्रहों के शिकार लोगों के भीतर भी अनेक तरह की कुंठाएं और विकृतियां विकसित होने लगेंगी। अव्वल तो एक खास धार्मिक पहचान से जुड़े पहनावे की वजह से किसी पर इस तरह अंगुली नहीं उठाई जा सकती, जिसका कोई आधार नहीं हो, मगर इसका उस पर कई स्तर पर प्रभाव पड़ता हो! फिर आवेश में आकर किसी को सिर्फ कपड़े के आधार पर किसी संवेदनशील पहचान से जोड़ देने के सामाजिक असर और कानून से जुड़ी प्रक्रिया के नतीजों की कल्पना की जा सकती है! ऐसा किसी के लिए भी नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि इसके नतीजे संबंधित व्यक्ति के जीवन पर बहुत गलत असर डाल दे सकते हैं। सभी धर्म या समुदाय में सकारात्मक कामों को अपना सामान्य जीवन और दायित्व समझने के बरक्स नकारात्मक गतिविधियों में लिप्त कुछ लोग भी होते हैं। अगर किसी समुदाय के चंद लोग प्रतिगामी और गैरकानूनी कामों को अंजाम दे रहे हों, तो उनकी धार्मिक पहचान के अन्य लोगों को उससे जोड़ कर नहीं देखा जा सकता। सिखों के बीच कुछ लोग अगर अलगाववाद में विश्वास रखते होंगे तो उनसे अलग राय रखने, पीड़ित होने और कई स्तर पर उसका सामना करने वाले लोगों में भी बहुत सारे सिख ही हैं। पश्चिम बंगाल में जिस अधिकारी को लक्षित करके टिप्पणी की गई, वह आधिकारिक रूप से देश के कानूनों को लागू करने की ड्यूटी पर तैनात था। अगर वह अपने दायित्वों के निर्वहन में जानबूझ कर कोई कमी करे, तब उचित मंच पर और कानून के दायरे में निर्धारित प्रक्रिया के तहत उसका विरोध किया जा सकता है। मगर हैरानी की बात है कि ऐसी टिप्पणियों की गंभीरता और संवेदनशीलता को समझे बिना कई लोग हल्के तरीके से ऐसा बोल जाते हैं, जिससे किसी के लिए जटिल हालात पैदा हो सकते हैं।

# कांग्रेस-सपा की यारी, बीजेपी को टक्कर देने की तैयारी

**अनिल सिंह**



उत्तर प्रदेश में काफी ऊहापोह के बाद आखिरकार इंडिया एलायंस के बैनर तले सपा और कांग्रेस के बीच समझौता हो गया है। कांग्रेस 17 सीटों पर लड़ेगी, बाकी की 63 सीटों पर सपा और गठबंधन में शामिल होने वाले अन्य दल ताल ठोंकेंगे। उत्तर प्रदेश में यह दूसरी बार होगा, जब कांग्रेस और सपा एक साथ मिलकर किसी चुनाव में उतरेंगे। 2017 का विधानसभा चुनाव भी दोनों पार्टियां साथ मिलकर लड़ी थीं, लेकिन कोई चमत्कार दिखाने में नाकाम रही थीं। उत्तर प्रदेश के वर्तमान समीकरण को समझें तो इस बार भी इस गठबंधन द्वारा बहुत बड़ा चमत्कार करने की संभावना नहीं है, लेकिन यह तय है कि इंडिया एलायंस कुछ सीटों पर एनडीए एलायंस को कड़ी टक्कर जरूर देगा। आंकड़ों के जरिए इसे समझने की कोशिश करें तो उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के पास इतना जनाधार नहीं बचा है कि वह सपा के साथ मिलकर कोई बड़ा उलटफेर कर सके। कांग्रेस का जनाधार उत्तर प्रदेश में लगातार सिमटता जा रहा है। 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उत्तर प्रदेश की 67 सीटों पर चुनाव लड़कर 7.53 फीसदी वोटों के साथ केवल रायबरेली और अमेठी सीट जीत पायी थी, जिस पर क्रमश- सोनिया गांधी और राहुल गांधी सांसद बने थे। 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस 78 सीटों पर लड़ी, उसे मात्र 6.36 फीसदी वोट मिले, और वह केवल सोनिया गांधी की रायबरेली सीट ही जीत पायी। अमेठी जैसी पारंपरिक सीट पर राहुल गांधी को स्मृति ईरानी के हाथों हार का सामना करना पड़ा। विधानसभा चुनाव 2022 में कांग्रेस को बड़े चमत्कार की उम्मीद थी, क्योंकि चुनाव की कमान प्रियंका गांधी वाड्रा के हाथों में था। प्रियंका भी लगातार यूपी में सक्रिय रहीं। कांग्रेस ने %लड़की हूं लड़ सकती हूं% से लेकर कई तरह के अभियान चलाये। प्रियंका ने भी कोरोना और हाथरस से लेकर लखीमपुर खीरी तक प्रदेश और केंद्र सरकार को घेरने के लिये सारे घोड़े खोल दिये। इस दौरान सपा के बजाय कांग्रेस ही प्रमुख विपक्षी दल नजर आने लगी। प्रियंका के नेतृत्व में कांग्रेस ने बिना किसी गठबंधन के 399 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे, लेकिन जब रिजल्ट आया तब पार्टी मुंह के बल जमीन पर जा गिरी। कांग्रेस को मात्र 2.33 फीसदी वोट मिले, जबकि वह केवल दो सीटें ही जीत पायी। दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी के पास अब अकेले इतना जनाधार नहीं बचा है कि वह भाजपा के मत प्रतिशत तक पहुंच सके। अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा ने चुनावों में कई प्रयोग किये, लेकिन वह भाजपा से पार नहीं पा सकी। उत्तर प्रदेश में सबसे जिताऊ कॉम्बिनेशन सपा और बसपा गठबंधन को माना जाता था, लेकिन 2019 के चुनाव में यह गठबंधन भी भाजपा के विजय रथ को नहीं रोक पाया। इस गठबंधन ने भाजपा की कुछ सीटें कम जरूर कीं, लेकिन जिस चमत्कार की उम्मीद राजनीतिक गलियारों में लगायी जा रही थी, वैसा कुछ नहीं हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा साथ मिलकर चुनाव लड़े और केवल 15 सीटों पर ही जीत हासिल कर पाये। बसपा को 10 और सपा को 5 सीट मिली। वोट प्रतिशत की बात करें तो 2019 के चुनाव में भाजपा 49.97 फीसदी वोट के साथ 62 सीटें जीतने में सफल रही। भाजपा की सहयोगी अपना दल को भी 2 सीटें मिलीं। सपा और बसपा गठबंधन को मात्र 37.5 फीसदी वोट से संतोष करना पड़ा। सपा को 18.1 फीसदी वोट शेयर के साथ 5 सीटें मिलीं तो बसपा ने 19.4 फीसदी वोट शेयर के साथ 10 सीटों पर कब्जा जमाया। ऐसे में, सपा और कांग्रेस गठबंधन से यह उम्मीद करना कि कोई बहुत बड़ा चमत्कार कर देंगे, नादानी ही होगी। केवल गठबंधन से चमत्कार होते तो 2019 में भाजपा को इतनी बड़ी जीत नहीं मिलती। जीत के लिये मतदाता का भरोसा जीतना ज्यादा जरूरी होता है। भाजपा की रणनीति देखें तो वह एक चुनाव खत्म होते ही अगले चुनाव की तैयारी में जुट जाती है। भाजपा पांचों साल चुनाव मोड में रहती है। दूसरे दल चुनाव आने का इंतजार करते हैं तब तक भाजपा के कार्यकर्ताओं को पार्टी इतने कार्यक्रम दे देती है कि वह लगातार जनता के बीच में बने रहते हैं। भाजपा पिछले कई सालों से अपने वोट प्रतिशत को 50 फीसदी के पार करने की तैयारी में जुटी हुई है। मोदी के नेतृत्व में भाजपा उन जातियों तक पहुंचने में सफल रही है, जिनकी कम संख्या के कारण दूसरे दल महत्व नहीं देते हैं। दूसरी तरफ, विपक्षी दल केवल गठबंधन के सहारे चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश में हैं। सपा और कांग्रेस जैसी पार्टियां केवल चुनाव के समय जनता का भरोसा हासिल करने की कोशिश करती हैं, जिसमें उन्हें बहुत सफलता नहीं मिल पाती है। कांग्रेस और सपा के बीच 2017 के विधानसभा चुनाव में हुआ गठजोड़ बहुत फलदायी साबित नहीं हुआ था। राज्य की 403 सीटों में सपा ने 298 तथा कांग्रेस ने 105 सीटों पर चुनाव लड़ा था। दोनों दलों को मिलाकर 28 फीसदी वोट मिले। सपा को 21.8 तथा कांग्रेस को 6.2 फीसदी मत हासिल हुआ। इसके विपरीत एनडीए गठबंधन को 41.4 फीसदी वोट मिले, जिसमें 39.7 फीसदी वोट अकेले भाजपा को हासिल हुए थे। 2017 में ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा एनडीए गठबंधन की हिस्सा थी। 2022 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव ने नया प्रयोग करते हुए किसी बड़े दल की बजाय छोटे दलों को महत्व दिया और जयंत चौधरी, ओम प्रकाश राजभर, पल्लवी पटेल, केशव देव मौर्य के साथ गठबंधन किया। इसके कारण 2022 के चुनाव में सपा अपना वोट दस फीसदी बढ़ाने में सफल रही। इसके बावजूद योगी आदित्यनाथ को दोबारा सरकार बनाने से नहीं रोक सकी। सपा ने 2017 के 21.8 फीसदी मत के मुकाबले 2022 में 31.5 फीसदी मत प्राप्त किया। सपा गठबंधन को 39 फीसदी के करीब मत मिले, लेकिन भाजपा का मत प्रतिशत पिछले चुनाव के 39.7 फीसदी से बढ़कर 41.8 फीसदी तक पहुंच गया।

# अमरीका ने ईराक को किया तबाह!

**अदीब कासिम**



पिछले महीने, फिलिस्तीनियों के इसराईली नरसंहार का विरोध करने वाले ईराकी मिलिशिया समूहों ने ईराक में तैनात अमरीकी सैनिकों पर हमला किया था और अमरीका ने ड्रोन हमलों के साथ जवाबी कार्रवाई की थी। पिछले महीने, फिलिस्तीनियों के इसराईली नरसंहार का विरोध करने वाले ईराकी मिलिशिया समूहों ने ईराक में तैनात अमरीकी सैनिकों पर हमला किया था और अमरीका ने ड्रोन हमलों के साथ जवाबी कार्रवाई की थी। हाल ही में ईराक से सभी अमरीकी सैनिकों को वापस बुलाने को लेकर बातचीत फिर से शुरू हुई है। लेकिन सबसे पहले सोचने वाली बात यह है कि अमरीकी सैनिक ईराक में क्या कर रहे हैं? और क्या उन्हें वहां रहने का अधिकार है? अमरीकी अधिकारियों ने ईराक पर चल रहे कब्जे के लिए अन्य कारणों के साथ-साथ 'क्षेत्र के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन' भी पेश किया है। हालांकि, अमरीका ने ईराकी क्षेत्र के प्रति जो एकमात्र 'प्रतिबद्धता' दिखाई है, वह हिंसा, रेत और तेल एकाधिकार के प्रति प्रतिबद्धता है। ईराक में अमरीकी सेना स्वदेशी ईराकी बहुमत के साथ प्रभुत्व के संबंध में विदेशी आक्रमणकारियों की अल्पसंख्यक बनी हुई है। वर्चस्व का इस प्रकार का संबंध ही उपनिवेशवाद का गठन करता है। अमरीकी रक्षा विभाग ने वर्तमान में ईराक में तैनात अमरीकी सैनिकों की सटीक संख्या का खुलासा नहीं किया है, लेकिन 2021 में उन्होंने बताया कि लगभग 2,500 कर्मी वहां तैनात हैं। अमरीकी सरकार का दावा है कि वे वहां सबसे पहले आई.एस.आई. एस. के खिलाफ चल रहे युद्ध में ईराकी सशस्त्र बलों को प्रशिक्षित करने और सलाह देने के लिए गैर-लड़ाकू सलाहकार की भूमिका में हैं और दूसरा क्षेत्र में ईरान के प्रभाव को कम करने के लिए हैं। लेकिन आई.एस.आई.एस. का उदय केवल अमरीका द्वारा इस क्षेत्र को अस्थिर करने से संभव हुआ और अमरीका ने 2003 में सद्दाम हुसैन को मार डाला, जिसका उन्होंने 1990 में कुवैत पर आक्रमण से पहले क्षेत्र में ईरान के प्रभाव को कम करने के लिए समर्थन किया था। अमरीका को ईरान के साथ सैन्य नहीं बल्कि राजनीतिक और कूटनीतिक तरीके से निपटना चाहिए। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यू.एफ.पी.) के अनुसार, वर्तमान में ईराक की आबादी 44 मिलियन है, जिसमें से 1.2 मिलियन लोग संघर्ष के कारण आंतरिक रूप से विस्थापित हैं और 2.5 मिलियन लोगों को भोजन और आजीविका सहायता की सख्त जरूरत है। ईराक में लगभग 2,47,000 सीरियाई शरणार्थी भी हैं। राष्ट्रीय गरीबी दर 31.7 प्रतिशत है, जिसमें भूख से पीड़ित अधिकांश बच्चे हैं। 'सेव द चिल्ड्रन' के अनुसार, ईराक की लगभग 60 प्रतिशत आबादी 25 वर्ष से कम उम्र की है, 2 से 4 साल के बीच के लगभग 56 प्रतिशत बच्चे प्रारंभिक बचपन की शिक्षा तक नहीं पहुंच पाते हैं, और केवल 44 प्रतिशत उच्च माध्यमिक शिक्षा पूरी करने में सक्षम हैं। इसके अलावा, अधिकांश बच्चे जो स्कूल पूरा करने में सक्षम हैं, उन्हें देश की अत्यधिक गरीबी के कारण पुरस्कृत रोजगार या आजीविका के अवसर नहीं मिल पाते हैं। ईराक में यूनिसेफ की पूर्व वरिष्ठ प्रतिनिधि अनुपमा राव सिंह ने 2000 में कहा था कि 1989 से 1999 तक, ईराक को जीवन स्तर में अद्वितीय गिरावट का सामना करना पड़ा। '1989 में, साक्षरता दर 95 प्रतिशत थी, और 93 प्रतिशत आबादी मुफ्त आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच बनाती थी। अपने बच्चों को स्कूल न भेजने पर माता-पिता पर जुर्माना लगाया गया। सड़क पर रहने वाले या भीख मांगने वाले बच्चों की घटना अनसुनी थी। ईराकियों की भलाई 1991 में ऑप्रेशन डैजर्ट स्टॉर्म के साथ अचानक समाप्त हो गई, जो अमरीका के नेतृत्व में 6 सप्ताह का सैन्य अभियान था, जिसके दौरान 88,000 टन बम, लगभग सात हिरोशिमा-आकार के परमाणु बमों के बराबर, ईराक पर गिराए गए थे। अमरीका ने ईराक में सत्ता के जिन स्वरूपों और संप्रभुता के तरीकों को सामान्यीकृत किया, उनमें घेराबंदी युद्ध, मिश्रित युद्ध और औपनिवेशिक कब्जा शामिल हैं।

# किसान संगठनों ने पंजाब के आम किसानों के दीर्घकालिक हितों को दांव पर लगा दिया है

सरकार चाहती है कि गेहूं और धान से अलग फसलें उगाकर किसान विविधता लायें। इसके लिए सरकार उनको पांच साल तक पूरी मदद की गारंटी भी दे रही थी। देखा जाये तो सरकार का यह प्रस्ताव पंजाब के लिए आदर्श था, जहां भूजल स्तर चिंताजनक रूप से कम हो गया है। दिल्ली चलो का आह्वान करने वाले लोग खुद को किसानों का नेता बताते हैं लेकिन सवाल उठता है कि यह आखिर कैसे नेता हैं जो किसानों का भला नहीं चाहते। सरकार ने वर्तमान आर्थिक परिदृश्यों में एक बेहतर प्रस्ताव दिया। इस प्रस्ताव को तैयार करते समय सरकार ने पंजाब के किसानों की दिक्कतों का खासतौर पर ध्यान रखा लेकिन फिर भी उसे ठुकरा दिया गया। देखा जाये तो खुद को किसान नेता कहने वाले लोगों ने सरकारी एजेंसियों द्वारा पांच साल तक दाल, मक्का और कपास की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर करने के केंद्र के प्रस्ताव को खारिज कर किसानों के हितों को बहुत बड़ा धक्का पहुँचाया है। पहले जरा सरकार के प्रस्ताव पर नजर डालते हैं फिर आपको बताएंगे कि कैसे यह पंजाब के किसानों के हित में था। हम आपको बता दें कि किसानों के साथ चौथे दौर की बातचीत के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ जैसी सहकारी समितियां 'अरहर दाल', 'उड़द दाल', 'मसूर दाल' या मक्का का उत्पादन करने वाले किसानों के साथ एक अनुबंध करेंगी ताकि उनकी फसल को अगले पांच साल तक एमएसपी पर खरीदा जाए। उन्होंने कहा था कि खरीद की मात्रा की कोई सीमा नहीं होगी और इसके लिए एक पोर्टल विकसित किया जाएगा। मंत्री पीयूष गोयल ने यह भी प्रस्ताव दिया था कि भारतीय कपास निगम उनके साथ कानूनी समझौता करने के बाद पांच साल तक किसानों से एमएसपी पर कपास खरीदेगा। अब जरा समझिये यह प्रस्ताव किसानों के हित में कैसे था। दरअसल गेहूं और धान की फसलों में सर्वाधिक पानी लगता है। पंजाब उन राज्यों में शुमार होता जा रहा है जहां जल संकट धीरे-धीरे बढ़ रहा है। बड़े किसानों के पास तो फिर भी संसाधन हैं मगर एक छोटे किसान के लिए हाल के वर्षों में भूजल निकालने की लागत बढ़ गयी है इसलिए यदि यह किसान उन फसलों की ओर मुड़ते जिनमें पानी की अधिक खपत नहीं होती तो उनकी लागत कम हो जाती। सरकार चाहती है कि गेहूं और धान से अलग फसलें उगाकर किसान विविधता लायें। इसके लिए सरकार उनको पांच साल तक पूरी मदद की गारंटी भी दे रही थी। देखा जाये तो सरकार का यह प्रस्ताव पंजाब के लिए आदर्श था, जहां भूजल स्तर चिंताजनक रूप से कम हो गया है। आंकड़ों के जरिये समझायें तो आपको बता दें कि इस समय पंजाब के अधिकांश क्षेत्र में गेहूं और धान की खेती (2020-21 में 85त्र) होती है। पंजाब में कपास, दालों और मक्का के लिए पारिस्थितिकी तंत्र (बाजार, खरीदार, रसद, इनपुट आपूर्ति, आदि) उतना सशक्त नहीं है इसलिए सरकार किसानों को अपने समर्थन की गारंटी देना चाह रही है। अभी के संदर्भ में देखें तो मक्का 1.5प्रतिशत, कपास 3.2 प्रतिशत और दालों की केवल 0.4 प्रतिशत खेती हो रही है। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि किसान यदि इन फसलों की ओर बढ़ते हैं तो नये बाजार खुलेंगे।




## आज का राशिफल

मेष

वृषभ

मिथुन

कर्क

सिंह

कन्या

तुला

वृश्चिक

धनु

मकर

कुंभ

मीन

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5157

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 6 | | 7 | | | |
| | 4 | | 3 | | 9 | 8 | | |
| 3 | 7 | | | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | 3 | |
| 6 | 3 | | 1 | 2 | 5 | | 9 | 4 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 8 | | | | | | | 7 | 6 |
| | | 7 | 2 | | 6 | | 1 | |
| | | | 5 | | 3 | | | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 5156

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 9 | 4 | 7 | 5 | 1 | 3 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 1 | 8 | 3 | 4 | 2 | 9 |
| 3 | 1 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 7 | 2 | 1 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 3 | 6 | 9 | 7 | 8 | 2 |

## वर्ग पहेली 5157

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | |
| 6 | | | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | 10 |
| 11 | ■ | 12 | | | ■ | 14 | |
| 15 | 16 | ■ | 17 | | 18 | ■ | |
| 19 | | | | ■ | 20 | 21 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 22 | | ■ |
| 23 | | | ■ | 24 | ■ | ■ | ■ |

संकेत: बाएं से दाएं

1. 1979 के दिन इस तत्कालीन राष्ट्रपति ने लोकसभा भंग की थी (8)
6. राज्याभिषेक, सिंहासनारूढ़ हो जाने के बाद युवराज के मस्तक पर लगाया जाने वाला टीका (3)
7. स्वीकार करना, मानना (3)
9. अनजान, अपरिचित, अनजान, पराया (3)
12. गीत गाने या बोलने का ढंग, शब्दों को उच्चारण करने का खास ढंग (3)
14. यह मध्यप्रदेश के प्रांत का नगर एवं संभाग है जो प्रदेश प्रांत के विन्ध्य पठार के एक हिस्से का निर्माण करता है (2)
15. फायदा, मुनाफा, प्राप्ति (2)
17. दौड़ने वाला, धावक (3)
19. दादा का पिता, प्रपितामह (4)
20. विरुद्ध, प्रतिकूल, उलटा (3)
22. तीन घंटे का समय, एक पहर (2)
23. जिसके पास अपार संपत्ति हो, धनपति, मालामाल, धनाढ्य (3)
24. पृथ्वी, जमीन, सीता की एक सहेली का नाम (1)

ऊपर से नीचे

1. लोक व्यवहार हेतु नियत किया गया आचार, बर्ताव का ढंग (2)
2. प्रबल अभिलाषा, तीव्र उत्कंठा (3)
3. मान्य और सर्वप्रिय, पसंद किया हुआ (4)
4. सजीव रहना, जिंदा रहना, जीवित होना (2)
5. रुपए के मूल्य के छोटे-छोटे सिक्के (4)
8. जो सीधा न जाकर बल खाता हुआ गया हो (5)
10. अनजान, अपरिचित, अज्ञात (4)
11. तालयुक्त स्वरों में आंशिक धुन प्रदर्शन (3)
13. प्रागल्भ्य, जीवन, जानकारी, पहचान (2)
16. ऋण मोचन, क्षतिपूर्ति, भुगतान, अदायक पत्र (4)
18. पहरेदार या रक्षक को यह भी कहा जाता है (3)
21. उर्दू का एक अक्षर, अलफ, जुल्फ, फौज का दस्ता, दूर, दूरी पर, समूह (2)

### वर्ग पहेली 5156 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ठे | का | नि | या | ■ | कु | त | ल |
| ज़ | न | ■ | द | ह | ल | त | ■ |
| ना | ना | ना | ■ | ल | व | ■ | या |
| म | ■ | पा | ह | ■ | ती | त | र |
| ला | बु | क | ■ | ज्यो | ■ | का | ■ |
| ■ | ज़ | ■ | जा | म | ज | द | ली |
| ■ | पे | म | र | ■ | म | ला | ■ |
| ह | स्ट | र | ■ | मी | ना | ■ | ■ |

# प्रधानमंत्री देंगे आज संसदीय क्षेत्र को करोड़ो रूपये की सौगात

## नीमच व मंदसौर स्टेशन का होगा पुर्नविकास, दो ओवरब्रिज का भी होगा शिलान्यास

**मंदसौर, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** संसदीय क्षेत्र के इतिहास में विकास का एक अध्याय जुड़ने जा रहा है। जिसके तहत नीमच व मंदसौर स्टेशन का पुर्नविकास का कार्य एवं दो ओवरब्रिज का शिलान्याय का कार्य शुरु होने जा रहा है। वह भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा।



सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 फरवरी को भारतीय रेलवे में 41000 करोड़ की रेल परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकर्पण करेंगे। जिसमें अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड़ ओवर ब्रिजों/अंडरपास का लोकार्पण/शिलन्यास शामिल है। इस के तहत रतलाम मंडल के 11 स्टेशनों सहित नीमच एवं मंदसौर स्टेशनों पर पुनर्विकास कार्य किए जाएंगे। वहीं गरोठ-कुरलासी स्टेशनों के मध्य आरओबी 53, कि. मी. 799/24-26 (पावति, गरोठ बोलिया रोड) तथा भवानीमंडी-धुआँखेड़ी स्टेशनों के मध्य आरओबी 65, कि. मी. 821/19-21 (भैंसोदा मण्डी) का शिलान्यास भी करेंगे। सांसद सुधीर गुप्ता ने बताया कि भारतीय रेल आधुनिकीकरण की दिशा में और भारत सरकार के न्यू इंडिया के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय प्रतिष्ठानों के रूप में विकसित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। उन्होने बताया कि 10 वर्षो में रेलवे के क्षेत्र में संसदीय क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए है। जिस गति से रेल मार्ग का विद्युतीकरण और अब दोहरीकरण के पश्चात नीमच और मंदसौर स्टेशन का जिस तरह से अंतरराष्ट्रीय किया जा रहा है यह अपने आप में एक ऐतिहासिक क्षण है। योजना के प्रथम चरण में शामगढ़ में कार्य शुरु हो चुका है और अब नीमच और मंदसौर स्टेशनों का विकास की शुभ घड़ी आज आ गई।

**मंदसौर स्टेशन पर होंगे यह विकास कार्य**–नए भवन का निर्माण, पीएफ बढ़ाना 2 से उच्च स्तर, मौजूदा पीएफ एनयू को उच्च स्तरीय वाह प्लेटफार्म वाथ के रूप में बढ़ाकर अब निर्माण क्षेत्र में 11 मीटर चौड़ा होगा। मौजूदा प्रतीक्षालय व शौचालयों का सुधार, सेवानिवृत्त माताओं के लिए नए एसी वेटिंग हॉल का प्रावधान, 6 मीटर चौड़े नये एफओबी का निर्माण, रूल प्लाजा के साथ 12 मीटर चौड़े नए एफओबी का प्रावधान। अग्रभाग का सुधार और बरामदे का प्रावधान, यातायात व्यवस्था में सुधार, नए पीएफ कवर शेड का प्रावधान (1250 ग्राम), नये पीआरएस भवन का प्रावधान, सर्कुलेटिंग क्षेत्र और पीएफ में रोशनी में सुधार, नए ग्लो साइन बोर्ड का प्रावधान, केबल ट्रे के प्रावधान के साथ केबलों की ड्रेसिंग, अतिरिक्त सुविधाएं अर्थात वाटर कूलर, एसी, फ़्यूज़ आदि का प्रावधान, डिस्प्ले बोर्ड का प्रावधान, पीए प्रणाली का उन्नयन, पांच लाइन ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड का प्रावधान एवं एक नजर में डिस्प्ले बोर्ड का प्रावधान सहित अन्य कार्य शामिल है।

**नीमच में होंगे विकास कार्य**–रैंप/एफओबी/पीएफ पर फर्श का सुधार, क्लॉक टॉवर के माध्यम से प्रवेश निकास, मौजूदा वेस्टिंग हॉल/रूम का सुधार, मौजूदा टोडेटस का सुधार, रूफ प्लाजा के साथ 12 मीटर चौड़े नए एफओबी का प्रावधान, अग्रभाग और बरामदे की सुरक्षा में सुधार, ट्रैफिक सर्कुलेशन में सुधार और सर्कुलेटिंग एरिया का बीटिफिकेशन, मौजूदा खाली कमरे और वीआईपी कमरे का सुधार, सर्कुलेटिंग एरिया और पीएफ में रोशनी में सुधार, नए ग्लो साइन बोर्ड का प्रावधान, केबल ट्रेक के प्रावधान के साथ केबलों की ड्रेसिंग, वाटर कूलर, एसी, पंखे आदि अतिरिक्त सुविधाओं का प्रावधान, पीए प्रणाली का उन्नयन, पांच लाइन ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड का प्रावधान एवं एक नजर में डिस्प्ले बोर्ड का प्रावधान निर्माण कार्य होंगे।

# गणपति चौक में 28 को भंडारा प्रसादी का आयोजन, तैयारियों संबंधी बैठक संपन्न

**मंदसौर, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री रिद्धि सिद्धि उत्सव समिति के तत्वावधान में गणपति चौक में 13वां विशाल भंडारे का आयोजन आगामी 28 फरवरी बुधवार को सायंकाल होने जा रहा है। विशाल भंडारा आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए तैयारी हेतु अन्नक्षेत्र भवन में रिद्धि सिद्धि उत्सव समिति के द्वारा सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक बैठक आहूत की गई जिसमें समिति के संरक्षक पंडित दिलीप शर्मा, अध्यक्ष सुनील बंसल सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण सम्मिलित हुए। आरंभ में सुनील



बंसल ने गत वर्ष का हिसाब तथा इस वर्ष भंडारा आयोजन की पूरी रूपरेखा प्रस्तुत की।

उन्होंने बताया कि 28 फरवरी बुधवार को शाम 4 बजे श्री द्विमुखी चिंतामण गणपति मंदिर में विशेष पुष्पों के साज सज्ञा के बाद महाआरती होगी और कन्या पूजन व कन्या भोज के साथ भंडारा प्रसादी का शुभारंभ होगा। पं. दिलीप शर्मा ने समस्त कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि विशाल भंडारा प्रसादी के आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए सभी समर्पित भावना से जुट जाएं। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने कहा कि गणपति चौक पूरे मालवा अंचल की धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की मुख्य केंद्र स्थली है गणपति जी का यह विशाल भंडारा निश्चित रूप से जनकुपुरा की परंपराओं और आगे बढ़ा रहा है। बैठक में सर्व श्री राजेश डोसी, नटवर पारिख दिलीप अग्रवाल राधा स्वीटस, सत्यनारायण अग्रवाल डिस्पोजल वाले, ब्रजेश गोयल, अज्ञू मित्तल, लोकेश गर्ग, अजीत मारू, गुड्डा भाई पान वाले, राकेश डोसी, जीतू भाई घड़ीवाले, नितीन शिन्दे, दिलीप चक्की वाले, आशीष चावड़ा, मुकेश आर्य काऊसोनी, सज्ञनलाल खमेसरा, लोकेश शुभम गर्ग, आयुष पंड्या, जीतू जाट, अरविंद कागला, प्रमोद सोनी, संजय सिंह, सचिन पाटनी, विपिन राकेश दुग्गड़ मंगलेश डोसी, अनिल गोयल, पंकज पंडित, महेश माली, मंगल सोमानी, पप्पी गोधा, नितिन शिन्दे, विक्की, प्रकाश अग्रवाल, पवन शर्मा, हिमांशु अग्रवाल अक्षय गोयल ललित बाहेती, बंटी सोमानी, नितिन पामेचा, मनोज वर्मा, बंटी माहेष्वरी, भरत सोनी, नीरज जोशी, मंगल पांडे आदि उपस्थित थे।

# नवांकुर संस्था एवं जल जीवन मिशन की बैठक संपन्न

**मंदसौर, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद मंदसौर विकासखंड मंदसौर से चयनित नवांकुर संस्था प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था सेक्टर डिगांवमाली के ग्राम पंचायत पिपलिया कराडिया में जिला समन्वयक श्री तृप्ति बैरागी के निर्देशन में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार हेतु कार्य किया जा रहा है। जल जीवन मिशन एवं नवांकुर संस्था ने ग्राम संगठन की बैठक का आयोजन किया।

बैठक में जल जीवन मिशन के अधिकारी मुकेश विश्वकर्मा, सुरेश धनगर अपने ग्राम संगठन के सभी सदस्यों को जल जीवन मिशन द्वारा ग्राम संगठन को गांव में किस तरह स्थापित किया जाए इसके बारे में जानकारी दी। संगठन में 12 सदस्यों का चयन हुआ जिसमें सरपंच सचिव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता वार्ड मेंबर एवं गांव के वरिष्ठनागरिकों को सदस्य बनाया गया।




जिसमें प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था से दिनेश सोलंकी ने जल जीवन मिशन के बारे में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों की समस्या के बारे में अवगत कराया जल जीवन मिशन से आए हुए अधिकारियों को गांव का भ्रमण कर कर स्वच्छता और गंदगी के बारे में बताया गया कि गांव की बड़ी समस्या इसलिए इस कार्य को जल्दी से जल्दी पूरा करें। कार्यक्रम में सरपंच पति अनिल सूर्यवंशी ने जल जीवन मिशन के कार्य को लेकर नाराजगी व्यक्त की कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच अंगूरवाला सूर्यवंशी, सचिव विनोद सिंह, आशा कार्यकर्ता उषा सोलंकी, स्व सहायता समूह से सुशीला पाटीदार एवं गांव के नागरिक रामप्रसाद पाटीदार, मुकेश नायक, देवीलाल सेन, नाहर सिंह, सत्यनारायण विश्वकर्मा, रोडमल प्रस्फुटन समिति के सदस्य और गांव के कहीं नागरिक की उपस्थित रहे।



# संत रविदास ने सामाजिक सुधार, भाईचारा व मानवता का दिया संदेश–नटराजन

**मल्हारगढ़, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** संत शिरोमणि श्री रविदास जी की जयंती सामाजिक समरसता के बैनर तले मेघवाल समाज के तत्वाधान में ऐतिहासिक रूप से मनाई गयी। विशाल चल समारोह व भव्य कलश यात्रा बेंड, डीजे, डोल नगाड़ो व श्री गुरु रविदास जी की सवारी के साथ स्टेशन रोड़ खाटू श्याम मंदिर से प्रारभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गों सें होती हुई पुन: सभा स्थल पहुंच, कर धर्म सभा में परिवर्तन हुई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अथितियों द्वारा गुरु रविदासजी के चित्र पर माल्यापर्ण किया। आयोजन में स्वागत भाषण देते हुए पूर्व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री विजेश मालेचा ने सभी लोगों का अभिनंदन करते हुए सभी समाजजनों से अपनी ऊर्जा का सही जगह सही उपयोग करने का अनुरोध करते हुए कहा कि हम सभी को रविदास जी विचारों को आत्मसात करना है. आयोजन की मुख्य अथिति पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन जी ने सभी समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रविदास जी ने सदैव सामाजिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बड़े बड़े कार्य किये थे.

## बाल हिंसा को समाप्त करने हेतु लिखे स्लोगन

**मनासा, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय आर.वी. कॉलेज मनासा की स्वयंसेविका एवं आगाज इंटर्न माया गुर्जर मेहंदी के माध्यम से बच्चों के हाथों पर बाल हिंसा को समाप्त करने के संदर्भ में हाथों पर मेहंदी के माध्यम से स्लोगन लिख रही है एवं गांव में संगोष्ठी आयोजित कर रही है ताकि लोग बोल हिंसा के प्रति जागरूक हो सके और बाल हिंसा मुक्त समाज का निर्माण हो सके। इनके इस कार्य पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.एम. एल. धाकड, राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक प्रो. अरुण कुमार चौरसिया, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आशा पटेल ने किए गए कार्यों की सरहाना एवं प्रशंसा की।



## डिवाइडर से टकराया बाइक सवार घायल

**पिपलियामंडी, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार घायल हो गया। जानकारी के अनुसार रविवार प्रात: पौने 9 बजे फोरलेन पर रोड के राजा के निकट बाइक (आरजे 30 एएस 4618) पर सवार संदेल (राजसंमद) निवासी लक्ष्मण (27) मुरली राव घायल हो गया। सूचना पर बही टोल प्लाजा पैरामेडीकल टीम के नवीन गौर टीम के साथ एम्बूलेंस के साथ पहुंचे और घायल को मंदसौर जिला अस्पताल भर्ती कराया।

# मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ का संभागीय सम्मेलन 2 को मंदसौर में

## प्रदेशाध्यक्ष शलभ भदौरिया सहित अनेक पदाधिकारी करेगे शिरकत, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा होगे कार्यक्रम के मुख्य अथिति

**मनासा/सिंगोली, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश मे पत्रकारो के सबसे बडे रजिस्टर्ड संगठन मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के उज्ञैन संभाग का संभागिय सम्मेलन दिनांक 2 मार्च शनिवार को सुबह 11 बजे मन्दसौर के लायंस माते टाउन हॉल मे आयोजित है। उपरोक्त कार्यक्रम मे संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया का सानिध्य प्राप्त होगा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संगठन के नीमच जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन ने बताया की संभागिय अध्यक्ष राजेंद्र राठौर संभागिय सचिव राजेंद्र अग्रवाल एवं कार्यकारी संभागिय अध्यक्ष डाक्टर प्रीतिपाल सिंह राणा के नेतृत्व मे 2 मार्च को संभागिय सम्मेलन मंदसौर मे आयोजित होगा जिसमे संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया संभागिय अध्यक्ष राजेंद्र राठौर संभागिय सचिव राजेंद्र अग्रवाल कार्यकारी संभागिय अध्यक्ष डाक्टर प्रीतिपाल सिंह राणा के साथ संगठन के वरिष्ठ नेता शरद जोशी सहित अनेक पदाधिकारियो का सानिध्य प्राप्त होगा। जैन ने बताया की कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अथिति प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा उपस्थित रहेगे। संभागिय सम्मेलन होने से पुरे संभाग के संगठन से जुडे पत्रकार साथी सम्मेलन मे भाग लेने के लिए मंदसौर पहुंचेगे। जैन ने यह भी कहा की नीमच जिला इकाई से भी काफी अच्छी संख्या मे पत्रकार साथी मंदसौर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाऐगे।

## *** सफलता की कहानी ***

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने रोजगार देकर मुझे सशक्त बनाया–विजय सिंह



**मंदसौर, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर शहर के इंदिरा कॉलोनी के रहने वाले श्री विजय सिंह बताते हैं कि मुझे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने रोजगार प्रदान किया और उस रोजगार से में सशक्त बना हु। मैंने इस योजना के माध्यम से 20 हजार की सहायता राशि ली। 20 हजार से मैंने फल का ठेला लगाया। इस फल के ठेले के माध्यम से मैं अंगूर, आम, केला, तरबूज, सेवफल, अनार जैसे तरह तरह के फल बेचता हूं। जिससे मुझे बहुत अच्छा रोजगार मिल रहा है। विजय कहते हैं कि अब मुझे रोजगार की कोई चिंता नहीं रही। फल के ठेले से ही मैं अच्छी आय प्राप्त कर रहा हूं। जब मैं इस योजना के माध्यम से 20 हजार की राशि जमा कर दूंगा। इसके पश्चात मुझे 50 हजार की राशि मिलेगी और जब मैं 50 हजार की राशि जमा कर दूंगा तो राशि बढ़ाकर मिलेगी। इसलिए मैंने भविष्य में सोचा है, कि अब मैं फल का बड़ा व्यवसाय शुरू करूंगा।

## बाइक की टक्कर से मां–बेटा घायल

**पिपलियामंडी, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** बाइक की टक्कर से मां-बेटे घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बरड़िया बरखेड़ा (सीतामउ) निवासी दुर्गाबाई पति रुघनाथ बागरी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि बेटे समरथ के साथ बाइक से बेटी के ससुराल शक्करखेड़ी गए थे। इसी दौरान सूठी फन्टे पर एक बाइक चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया।

# समाधान आपके व्दारा योजना के तहत शिविर सम्पन्न

**नीमच, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा प्रदेश स्तर पर चलाये जा रहे विशेष अभियान समाधान आपके द्वार का आयोजन शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अन्य विभागों में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में उद्घाटन समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुशांत हुद्दार ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्ञ्वलित कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया। इस मौके पर श्री कलेक्टर दिनेश जैन, पुलिस अधीक्षक श्री अकिंत जायसवाल, विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटीज) नीमच श्री अजय कुमार टेलर, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री डा.कुलदीप जैन, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री विजय कुमार सोनकर, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश श्रीमती सोनल चौरसिया एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री संध्या मरावी एवं समस्त न्यायाधीशगण, अध्यक्ष अभिभाषक संघ नीमच श्री मनीष जोशी एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।




इस शिविर में कुल 09 हजार 717 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण हुआ, जिसमें नगरिय निकाय के 728 प्रकरण निराकृत हुये जिसमें 19 लाख 78 हजार की राशि का भुगतान हुआ एवं 728 लोक लाभान्वित हुये, राजस्व के कुल 923 प्रकरणों का निराकरण हुआ, विद्युत के 2 हजार आठ सो पैसठ प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें कुल राशि 01 करोड़ 14 लाख 88 हजार की वसुली हुयी एवं 728 लोक लाभान्वित हुये इसके आलावा सी.एम.हेल्प लाईन, वन विभाग, आबकारी, एवं पुलिस विभाग के भी प्रकरणों का निराकरण हुआ। एवं शिविर में कुल 01 लाख 06 हजार 828 शासन के विभिन्न विभागों के लम्बित प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें राजस्व विभाग के कुल 63 हजार 970 का निराकरण हुआ जिसमें कुल 06 लाख 52 हजार रूपये की वसुली हुयी जिसमें 68 लाख तीन सो चव्वन लोग लाभान्वित हुये एवं नगरीय प्रशासन के 11581 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें कुछ राशि 57 लाख 49 हजार रूपये की वसुली हुयी एवं 11581 लोग लाभान्वित हुये इसके आलवा ई गवेनेंस के 3702 प्रकरणों का निराकरण हुआ। लोक सेवा के 1744 प्रकरणों एव आर.टी.ओं के 1147 एवं महिला बाल विकास के 779 प्रकरणों का निराककरण उक्त शिविर के माध्यम से हुआ। समाधान आपके द्वार योजना अन्तर्गत आयोजित शिविर में न्यायालय में कुल 59 लम्बित प्रकरणों का निराकरण हुआ, जिसमें 34 आपराधिक प्रकरणों का निराकरण शामिल है एवं 06 लाख 80 हजार 984 रूपये की वसुली हुई व 112 लोग लाभान्वित हुये एवं विद्युत विभाग के कुल 19 प्रकरणों का निराकरण हुआ, जिसमें 06 लाख 32 हजार 76 रूपये की वसुली हुई व 23 लोग लाभान्वित हुये। इसके अतिरिक्त 05 सिविल प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें कुल 05 लाख रूपये की राशि वसुली की जाकर, 22 लोग लाभान्वित हुवे। साथ ही न्यायालय द्वारा 01 प्रिलिटिगेशन प्रकरण का भी निराकरण हुआ जिसमें 300 रूपये की राशि वसुल की गई।

# उम्मेदपुरा में दूसरों की उम्मीद बन रही है हसीना बानो

## महिला आजीविका समूह से जुड़कर महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर

**नीमच, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** एक कमरे का मकान जिसमें पांच लोग रहते हैं। परंतु वह छोटा सा घर 15 परिवारों के भरण पोषण में अपने महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। यह मकान जावद नगर से तीन किलोमीटर दूरी पर बसे गांव उम्मेदपुरा के हसीना बी का है, जो गरीबी के दंश से उबरने के प्रयास कर रही है। साथ ही अपने आजीविका समूह से जुड़ी दूसरी बहनों को भी अपने साथ रोजगार के अवसर मुहैया करवा रही हैं। यह संभव हो पा रहा है, मध्यप्रदेश डे.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा गठित दीवाना सरकार महिला आजीविका समूह के सहयोग से।

हसीना बी कहती है, कि उन्होने रोजगार को बहुत ही छोटे पैमाने पर शुरू किया था, जिससे बमुश्किल परिवार के भरण पोषण की जुगत हो जाती थी, परंतु अब समूह गठन के बाद उसकी वित्तीय आवश्यकता की पूर्ति समूह के माध्यम से हो रही है। समूह से अभी तक उसने



एक लाख 60 हजार रूपये का ऋण लेकर समय पर उसकी अदायगी कर अपने काम को बढ़ावा दिया है। हाल ही में इस समूह को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा 3 लाख रूपये की सीसीएल राशि दी गई है। जिसका उपयोग समूह के सदस्यो ने अपने आजीविका संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने में किया हैं। कलेक्टर श्री दिनेश जैन के निर्देशन में समूह को मिशन की ओर से चक्रीय एवं सामुदायिक निवेश राशि के रूप एक लाख रूपये दिलवाने के साथ ही एसबीआई बैंक जावद से संयोजन कर सीसीएल द्वारा अभी तक 4.50 लाख रुपए की सहायता राशि उपलब्ध करवाई जा चुकी हैं।

**समूह व्दारा संचालित कलेवा निर्माण की गतिविधि बनी आय का जरिया**–कलेवा जिसे आम बोलचाल की भाषा में लच्छा भी कहा जाता है उसका उपयोग हर समाज के व्यक्तियो द्वारा विभिन्न अवसरों पर किया जाता है। इसके लिए उपयोग में लाऐ जाने वाले कच्चे सूत को मुंबई मिल से ट्रांसपोर्ट के माध्यम से गांव तक बुलवाया जाता है, जहां पर सूत को अलग.अलग करने का काम समूह की दूसरी महिलाओं द्वारा किया जाता है उसके बदले में हसीनाबी द्वारा उनके काम के आधार पर उनका भुगतान करती है। जिसमें समूह से जुड़ी 15 महिलाएं प्रतिदिन 100 से 150 रूपये की आय अर्जित कर लेती है। कच्चे सूत के बंडलों को अलग-अलग करने के बाद उसको बांधकर उसकी रंगाई का कार्य किया जाता है। जो कि बडी मेहनत का कार्य होता है जिसमें काफी सावधानियां रखना पडती है। निर्माण की प्रक्रिया के बाद उसको सूखाने का काम किया जाता है। छोटे.छोटे टुकड़ों में काटकर आकार के रूप में बंडल तैयार किए थे। एक किलो की पैकिंग में उसको पैक कर अजमेर, पाली, दिल्ली, इंदौर, नीमच आदि बडे शहरों के व्यापारियों को उनकी मांग के अनुसार भिजवा दिया जाता है। डिजिटल भुगतान की प्रक्रिया भी अपनाई जाती है। एक बार में 10 से 20 किवंटल कच्चा सूत मुंबई से बुलवाया जाता है। नीमच, पाली, उदयपुर आदि स्थानों से रंग खरीदे जाते हैं जो एक से ढाई हजार रुपए किलो की दर से बाजार में उपलब्ध होते हैं। लाल, हरा और पीला रंग इसमें उपयोग किया जाता है। कलेवा निर्माण की प्रक्रिया पूरी होती है, जिसमें प्रति किलो करीब 50 से 60 रूपये प्रति किलो के मान से मुनाफा होता है।

इस तरह हंसीना बी हर माह करीब दस से पन्द्र ह हजार रूपये महीना कमा लेती है और उनके साथ जुड़े हुए परिवार की भी मासिक आय करीब 6 से 7 हजार रुपए हो जाती है। इस प्रकार मिशन से जुड़कर महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त हो रही है। जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद कहते है, कि ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित महिला समूह के सदस्यो के परम्परागत ज्ञान, कौशल एवं तकनीकी को संरक्षित कर उनके आजीविका के विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए बेहतर प्रयास किये जा रहे हैं।



**हटाया अतिक्रमण**–नगरपालिका अमले ने रेलवे स्टेशन क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को हटाया।

# मोदी गहरे समुद्र में गए और भगवान श्रीकृष्ण के जलमग्न द्वारका में की पूजा



**अहमदाबाद, 25 फरवरी** पीएम मोदी ने आज पहले बेट द्वारका मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद सबसे लंबा केबल ब्रिज 'सुदर्शन सेतु' का उद्घाटन किया। इसके बाद पीएम मोदी ने द्वारका के पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा डाइविंग भी की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को गुजरात के दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने आज यहां पहले बेट द्वारका मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद सबसे लंबा केबल ब्रिज 'सुदर्शन सेतु' का उद्घाटन किया। इसके बाद पीएम मोदी ने द्वारका के पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा डाइविंग भी की। इस दौरान उनकी सुरक्षा में भारतीय नौसेना के अधिकारी तैनात रहे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसको यूजर्स काफी पसंद कर रहे हैं।

**पीएम मोदी ने की स्कूबा डाइविंग**–द्वारका में एडवेंचर स्पोर्ट्स और टूरिज्म को बढ़ावा देने के मकसद से पीएम मोदी ने स्कूबा डाइविंग की। इस दौरान पीएम मोदी गहरे समुद्र में गए और उस स्थान पर प्रार्थना की, जहां भगवान श्री कृष्ण का जलमग्न द्वारका शहर है। यह प्राचीन शहर भगवान श्री कृष्ण से जुड़ा हुआ है, जो भव्यता और समृद्धि का केंद्र था। यह समुद्र के भीतर एक ऐसा स्थान है, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को संजोए हुए है।

**गहरे पानी के भीतर गए और की प्रार्थना**–पीएम मोदी स्कूबा डाइविंग के दौरान पानी के भीतर भगवान कृष्ण को अर्पण करने के लिए मोर पंख भी लेकर गए थे। वहा द्वारका के पास समुद्र में गहरे पानी के भीतर गए और वहां प्रार्थना की। पीएम मोदी ने इसके बाद एक्स पर लिखा कि पानी में डूबी द्वारिका नगरी में प्रार्थना करना बहुत ही दिव्य अनुभव था। मुझे आध्यात्मिक वैभव और शाश्वत भक्ति के एक प्राचीन युग से जुड़ाव महसूस हुआ। भगवान श्री कृष्ण हम सभी को आशीर्वाद दें।

**श्रीकृष्ण से अपने गहरे जुड़ाव को किया उजागर**–पीएम मोदी ने अपने भाषण में भी द्वारका में अपने दर्शन के अनुभव को साझा किया। पीएम मोदी ने स्कूबा डाइविंग के जरिए भगवान श्रीकृष्ण से अपने गहरे जुड़ाव को उजागर किया। उन्होंने इसको लेकर कहा कि यह एक दिव्य अनुभव था। पीएम मोदी इसके पहले लक्षद्वीप में भी स्कूबा डाइविंग कर चुके हैं और तब उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थीं।

# रांची टेस्ट: भारत की स्थिति मजबूत, दूसरी पारी में 40/0, जीत के लिए अभी भी 152 रन की जरूरत

**रांची, 25 फरवरी।** भारत और इंग्लैंड के बीच रांची में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने पहली पारी में जो रूट के शतक की बदौलत 353 रन बनाए थे। जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी में 307 रन बनाए। आज मैच का तीसरा दिन रहा और इंग्लैंड की दूसरी पारी जारी 145 रन पर खत्म हुई। भारत के सामने 192 रन का लक्ष्य है।

**तीसरे दिन का खेल खत्म**–तीसरे दिन का खेल समाप्त हो चुका है। भारत ने अपनी दूसरी पारी में बिना कोई विकेट गंवाए 40 रन बना लिए हैं। फिलहाल रोहित शर्मा 24 रन और यशस्वी जायसवाल 16 रन बनाकर नाबाद हैं। टीम इंडिया को अभी भी जीत के लिए 152 रन की जरूरत है। भारत ने आक्रामक शुरुआत की है- भारत को रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने आक्रामक शुरुआत दिलाई है। तीन ओवर में टीम इंडिया ने 20 रन बना लिए हैं। इंग्लैंड ने 192 रन का लक्ष्य दिया है। अब भारत को 172 रन बनाने हैं।

**दूसरी पारी में इंग्लैंड 145 रन पर ऑलआउट**–इंग्लैंड की दूसरी पारी तीसरे दिन 145 के स्कोर पर सिमट गई। इंग्लैंड ने पहली पारी में 353 रन बनाए थे। वहीं, भारत की पहली पारी आज 307 रन पर खत्म हुई थी। पहली पारी के आधार पर इंग्लिश टीम को 46 रन की बढ़त मिली थी। ऐसे में इंग्लिश टीम की कुल बढ़त 191 रन की हुई और भारत के सामने 192 रन का लक्ष्य है। अगर टीम इंडिया यह मैच जीतने में कामयाब होती है तो सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर लेगी। इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में और भारत ने दूसरे और तीसरे टेस्ट में जीत हासिल की थी। रविचंद्रन अश्विन ने पांच विकेट झटके। यह उनका टेस्ट में 35वां फाइव विकेट हॉल था। वहीं, कुलदीप ने चार विकेट झटके और रवींद्र जडेजा को एक विकेट मिला।

**कुलदीप का कहर**–कुलदीप यादव की फिरकी का जादू चल रहा है। उन्होंने इंग्लैंड की दूसरी पारी के 41वें ओवर में दो विकेट झटके। ओवर की तीसरी गेंद पर कुलदीप ने टॉम हार्टले को सरफराज के हाथों कैच कराया। इसके बाद आखिरी गेंद पर ओली रॉबिन्सन को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। हार्टले सात रन बना सके। वहीं, रॉबिन्सन खाता नहीं खोल सके। कुलदीप अब तक चार विकेट ले चुके हैं। फिलहाल बेन फोक्स और शोएब बशीर क्रीज पर हैं। इंग्लैंड की बढ़त 179 रन की हो चुकी है।

**भारतीय पारी 307 रन पर सिमटी**–भारत की पहली पारी तीसरे दिन 307 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 353 रन बनाए थे। ऐसे में इंग्लैंड दूसरी पारी में 46 रन के बढ़त के साथ उतरी। भारत के लिए ध्रुव जुरेल ने सबसे ज्यादा 90 रन बनाए। वह शतक से चूक गए और 10वें विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें टॉम हार्टले ने क्लीन बोल्ड किया। जुरेल को मैदान में मौजूद दर्शकों और ड्रेसिंग रूम में मौजूद भारतीय खिलाड़ियों ने स्टैंडिंग ओवेशन दिया। आज भारत ने सात विकेट पर 219 रन से आगे खेलना शुरू किया और 88 रन बनाने में बाकी बचे तीन विकेट गंवा दिए। आज भारत को सबसे पहला झटका कुलदीप यादव के रूप में लगा। कुलदीप 28 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने जुरेल के साथ 76 रन की साझेदारी निभाई। इसके बाद आकाश दीप बल्लेबाजी के लिए आए और उन्होंने जुरेल के साथ 40 रन की साझेदारी की। आकाश नौ रन बनाकर आउट हुए। दोनों को शोएब बशीर ने पवेलियन भेजा और अंतरराष्ट्रीय करियर में पहली बार फाइव विकेट हॉल हासिल किया। आखिरी विकेट के रूप में जुरेल आउट हुए।

कप्तान रोहित शर्मा दो रन बनाकर आउट हुए थे। इसके बाद शुभमन गिल ने यशस्वी जायसवाल के साथ 82 रन की साझेदारी निभाई। रजत पाटीदार एक बार फिर फेल रहे और वह 17 रन ही बना सके। वहीं रवींद्र जडेजा 12 रन बनाकर आउट हुए। रोहित को एंडरसन ने पवेलियन भेजा था। वहीं, शुभमन, रजत और जडेजा को शोएब बशीर ने पवेलियन भेजा। इस बीच यशस्वी ने टेस्ट करियर का तीसरा अर्धशतक लगाया। हालांकि, वह 73 रन बनाकर बशीर का शिकार बने। सरफराज 14 रन और अश्विन एक रन बनाकर




आउट हुए। इन दोनों को हार्टले ने आउट किया। इंग्लैंड की ओर से बशीर ने पांच और हार्टले ने तीन विकेट लिए। वहीं, जेम्स एंडरसन को दो विकेट मिले। रविचंद्रन अश्विन भारत में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, कुंबले के रिकॉर्ड को तोड़ा

भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ रांची में चौथे टेस्ट के दौरान एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। अश्विन ने इंग्लैंड की दूसरी पारी में ओली पोप को आउट कर इतिहास रच दिया। उन्होंने ओली पोप के अलावा बेन डकेट, जो रूट बेन फोक्स और जेम्स एंडरसन को भी आउट किया। हाल ही में टेस्ट में 500 विकेट पूरे करने वाले इस गेंदबाज ने पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले के रिकॉर्ड तोड़ दिया। इसके अलावा उन्होंने पूर्व कप्तान कपिल देव को भी पीछे छोड़ दिया। अश्विन ने रांची टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में चार और दूसरी पारी में पांच विकेट लिए। अश्विन भारतीय जमीन पर टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। अश्विन इस मामले में पूर्व कप्तान अनिल कुंबले को पीछे छोड़ दिया। कुंबले ने भारतीय मैदानों पर कुल 63 मैच खेले। इस दौरान उन्होंने 350 विकेट झटके। उन्होंने अपने करियर में कुल 132 टेस्ट में 619 विकेट लिए। अश्विन ने घरेलू मैदान पर अपने 59वें मैच में उन्हें पीछे छोड़ दिया। वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में 100 विकेट लेने वाले इकलौते भारतीय हैं। यह उपलब्धि भी उन्होंने रांची टेस्ट में ही हासिल की है।

**कुंबले की बराबरी**–अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी पारी में पांच विकेट लिए।वह भारत के लिए सबसे ज्यादा बार एक पारी में पांच या उससे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने कुंबले की बराबरी की। कुंबले ने 132 टेस्ट में 35 बार पारी में पांच या उससे अधिक विकेट लिए थे। अश्विन ने 99वें टेस्ट में ही उनकी बराबरी कर ली। उनके टेस्ट में अब कुल 507 विकेट हो गए।

# अपहरण कर 17 वर्षीय छात्रा से किया था दुष्कर्म, आरोपी युवक को 20 वर्ष की सजा

**रतलाम, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** न्यायालय ने 17 वर्षीय किशोरी (छात्रा) से दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त 20 वर्षीय पूनमचंद पुत्र कालू सिंघाड निवासी ग्राम मौलावा थाना रावटी को पाक्सो एक्ट की धारा 5एल/6 में 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। उस पर एक हजार रुपये का जुर्माना भी किया गया।

**घर से स्कूल के लिए निकली थी**–अभियोजन के अनुसार दसवीं की छात्रा 29 जनवरी 2021 को सुबह घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी, लेकिन घर नहीं लौटी। पिता ने दो फरवरी 2021 को शिवगढ़ थाने पर शिकायत कर शंका जताई थी कि उनकी पुत्री को आरोपी पूनमचंद सिंगाड बहलाफुसला कर भगाकर ले गया है।

**अपहरण का प्रकरण दर्ज हुआ था**–पुलिस ने जांच के बाद पूनमचंद के खिलाफ धारा 363 में अपहरण का प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस ने 21 अप्रैल 2021 को किशोरी को दस्तयाब किया था। बयान लेने पर किशोरी ने बताया था कि 29 जनवरी 2021 को स्कूल जाने के दौरान शिवगढ़ बस स्टैंड पर उसे परिचित पूनमचंद मिला था। मेरी बस निकल गई थी तो दूसरी बस का इंतजार कर रही थी।

पूनमचंद ने कहा था कि वह उसे पसंद करता है और शादी करेगा। इसके बाद वह बस में बैठाकर रावटी और वहां से रतलाम होकर देवास के ग्राम जामुनिया के पास ले गया था। वहां झोपड़ी बनाकर रखा और कई बार दुष्कर्म किया था। पूनमचंद ने उसे जान से मारने की धमकी देकर कहा था कि थाने जाकर बयान देना कि वह घर से नाराज होकर गुजरात मजदूरी करने चली गई थी।

**काका के साथ भेजा**–किशोरी ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले पूनमचंद उसे गांव के सरपंच व उसके दूर के रिश्ते के काका के घर ग्राम सिंगत ले गया था। उसके काका ने कहा था कि लड़की नाबालिग है, इसे थाने पेश करो। इसके बाद पूनमचंद के काका उसे लेकर शिवगढ़ आए थे। शिवगढ बस स्टैंड पर पुलिस आई और मुझे थाने ले गई। डर के कारण पहले उसने पूनमचंद द्वारा दुष्कर्म नहीं करने की बात की थी। घर जाने के बाद माता-पिता को पूरी जानकारी दी। पुलिस ने प्रकरण में भादंवि की धारा 366, 376 (2)(एन), 376 (2) (के), 506 भादवि एवं पाक्सो की धारा 5एल/6 बढ़ाकर पूनमचंद को गिरफ्तार कर लिया था। प्रकरण में शासन की तरफ से पैरवी विशेष लोक अभियोजक (पाक्सो एक्ट) गौतम परमार ने की। परमार ने बताया कि न्यायालय ने पूनमचंद को धारा 366 में पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा व एक हजार रुपये का जुर्माना से भी दंडित किया। दोनो सजा साथ चलेगी।

## 131 शहरी निकायों को मिली 171 करोड़ रूपये से अधिक की राशि

**मंदसौर, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगरीय विकास विभाग के अंतर्गत संचालित 131 शहरी निकायों को जल भराव रोकने के लिये राहत आयुक्त कार्यालय से 171 करोड़ 55 लाख रूपये की राशि प्राप्त हुई है। यह राशि संबंधित नगरीय निकायों में बाढ़ व जल प्लावन की स्थिति पर नियंत्रण करने के लिये प्राप्त हुई है। नगरीय विकास आयुक्त श्री भरत यादव ने संबंधित निकायों को आवंटित की गई राशि का उचित तरीके से उपयोग करने के निर्देश दिये हैं। आवंटित राशि का उपयोग वर्ष 2023-24 में 275 कार्यों पर खर्च किये जायेंगे। इन कार्यों में नाला एवं रिटेनिंग वॉल जैसे कार्य किये जायेंगे।नगरीय विकास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने नगरीय निकायों की मांग पर राहत आयुक्त कार्यालय को प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये थे।

# मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थाओं के नवीनीकरण की जानकारी भेजने के निर्देश

**मंदसौर, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर निर्देश दिये है कि वे उन शैक्षणिक संस्थाओं के विरूद्ध कार्यवाही करें, जिन्होंने वर्ष 2024-25 में मान्यता नवीनीकरण के लिये आवेदन नहीं किया है। उन्होंने संभागीय और जिला अधिकारियों से अपने संबंधित क्षेत्र में इस संबंध में प्रमाणिकरण रिपोर्ट भी मांगी है। रिपोर्ट में यह बताने के लिये कहा गया है कि उनके क्षेत्र में वर्ष 2024-25 में कोई भी ऐसी संस्था नहीं जिसने मान्यता नवीनीकरण के लिये आवेदन नहीं दिया है।

आयुक्त ने अपने पत्र में लिखा है कि ऐसी अशासकीय संस्थाए जिनकी मान्यता वर्ष 2021-22, वर्ष 2022-23 को समाप्त हो चुकी है और उनके द्वारा वर्ष 2023-24 की मान्यता नवीनीकरण के लिये आवेदन नहीं किया गया है अथवा मान्यता आवेदन करने पर उनके द्वारा निर्धारित मापदण्डों की पूर्ति नहीं किये जाने के कारण नवीनीकृत नहीं हुई। ऐसी शैक्षणिक संस्थाओं की सूची भेजी जाने के निर्देश दिये गये हैं। आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय ने ऐसी अशासकीय संस्थाओं के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए तत्काल बंद करने के लिये कहा है। जिला शिक्षा अधिकारियों से अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं का सतत् निरीक्षण करने के लिये भी कहा गया है। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है कि अशासकीय शैक्षणिक संस्थाएं, जिन्हें जिन कक्षाओं तक शाला संचालन की मान्यता दी गई है, उस मापदंड के अनुसार अशासकीय शालाओं का संचालन हो।

# फटाखा फैक्ट्री में धमाका, फैक्ट्री मालिक सहित चार की मौत



**इंदौर, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रयागराज कानपुर हाईवे पर कोखराज के पास एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से तेज धमाका हुआ। फैक्ट्री में अंदर बैठे फैक्ट्री मालिक सहित चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस रेस्क्यू करने पहुंची, तो मौके पर स्थिति देख हैरान हो गई। फैक्ट्री से 500 मीटर दूर तक लोगों के हाथ-पैर पड़े हुए दिखाई दिए। धमाका इतना जोरदार था कि इसकी दूर तक आवाज सुनाई दी।

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो हम घर के अंदर थे, तभी तेज आवाजें सुनाई देने लगीं। हम सबने सोचा कि बाहर बिजली कड़क रही है, शायद मौसम खराब हो गया है। बाहर आकर देखा, तो सभी हैरान रह गए, क्यों कि पटाखा फैक्ट्री से धुआं निकल रहा था। हमने थोड़ा करीब आकर देखा, तो मजदूरों के हाथ-पैर बाहर पड़े हुए थे।

**बंद था प्राइवेट स्कूल**–गांव के लोगों ने बताया कि इस फैक्ट्री में आस-पास के गांव 24 से 25 मजदूर काम करते थे। फैक्ट्री एक से डेढ़ बीघा जमीन में बनी हुई थी। इसका नाम न्यू रंगोली फायर ब्रिगेड था। यह हादसा और भयानक हो जाता अगर यहां मौजूद स्कूल बंद ना होता। हादसे वाले स्थान से 100 मीटर की दूर प्राइवेट स्कूल है, जिसमें कई बच्चे पढ़ते हैं। रविवार का दिन होने की वजह से बच्चे घर पर ही थे।



# छात्रावास में विदाई समारोह सम्पन्न

**मंदसौर, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** संजीत स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बालिका छात्रावास में कक्षा आठवीं की छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित हुआ। प्रारंभ में माँ सरस्वती चित्र पर दीप प्रज्वलित किया। छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती ललिता सिसोदिया ने उपस्थित छात्राओं को उपहार देकर सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकानाएं प्रेषित की तथा कहा कि खुब पढ़कर उच्च पदों पर आसीन हो तथा परिवार का नाम रोशन करे। इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पर अपनी पारंपरिक वेशभूषा साथ मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर छात्रावास स्टॉफ़ उपस्थित था।

## अभा तेली महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बने अस्तोलिया

**मंदसौर, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय तेली महासभा राष्ट्रीय प्रवक्ता रामलाल तेली पचलोड़िया ने बताया कि अखिल भारतीय तेली महासभा राष्ट्रीय संयोजक तेली यशवंत कुमार गुप्त, राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक महिला मंडल श्रीमती जशोदाबेन मोदी, राष्ट्रीय संरक्षक तेली राधेश्याम गुप्त की अनुशंसा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष तेली ठाकुर प्रसाद गुप्ता के अनुमोदन पर, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेली बाबूलाल राठौर के मार्गदर्शन में कार्यकारिणी कि सहमति से प्रदेश का विस्तार करते हुए कांतिलाल राठौर राष्ट्रीय महासचिव द्वारा प्रदेश अध्यक्ष पद पर राधेश्याम अस्तोलिया को मनोनित किया। इसे लेकर, राजस्थान, महाराष्ट्र, म.प्र. सहित समस्त राठौर तेली समाज में हर्ष व्याप्त है तथा, नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाइयां दे रहे हैं। ज्ञात रहे राधेश्याम अस्तोलिया कई राजनीतिक एवं सामाजिक पदों को सुशोभित कर रहे हैं। यह जानकारी समाज के प्रदेश संगठन मंत्री ओमेश राठौर मंदसौर ने दी।



## सुपर-5 हजार योजना हेतु आवेदन 31 मार्च तक प्रस्तुत करें

**मंदसौर, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सहायक श्रमायुक्त अधिकारी द्वारा बताया गया कि म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीबद्ध निर्माण श्रमिकों के पुत्र/ पुत्रियों के माध्यमिक शिक्षा मंडल से प्राप्त शैक्षणिक सत्र 2022-23 में 10वीं एवं 12वीं की संकायवार प्रथम 5 हजार विद्यार्थियों प्रावीण्य सूची श्रम सेवा पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। पात्र विद्यार्थियों को एकमुश्त राशि रू. 25 हजार का नगद पुरस्कार मंडल द्वारा दिया जाना है। निर्माण श्रमिकों के पुत्र/पुत्रिया विद्यायल के माध्यम से आवदेन 31 मार्च 2024 तक कर सकते है। आवेदन करते समय दस्तावेज निर्माण श्रमिक का पोर्टल जनरेटेड परिचय पत्र, निर्माण श्रमिक/पंजीयक धारक की बैंक पासबुक फोटो कॉपी, संस्थान प्रमुख का वर्तमान में अध्ययनरत का प्रमाण-पत्र एवं अंकसूची की फोटो कॉपी आवदेन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करें। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक श्रमायुक्त मंदसौर में सम्पर्क कर सकते है।

## बच्चे के पास था हेड कांस्टेबल का मोबाइल....

# ठग का फोन आया तो डेबिट कार्ड की डिटेल बता दी और निकल गए 5 लाख रुपये

**जावरा, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के 24वीं वाहिनी बटालियन के प्रधान आरक्षक राजेश दुबे के साथ बैंक अधिकारी बनकर आनलाइन ठगी की वारदात को अंजाम देते हुए बैंक खाते से करीब 5 लाख रुपए की राशि उड़ा ली। प्रधान आरक्षक ने शहर पुलिस थाने पर आवेदन देकर शिकायत दर्ज करवाई, पुलिस ने सायबर अपराध के तहत आनलाइन शिकायत दर्ज की है।



शहर थाने से मिली जानकारी अनुसार 24वीं बटालियन में पदस्थ प्रधान आरक्षक राजेश दुबे के बैंक खाते से करीब पांच बार में पांच लाख रुपए निकाले गए। एसआई रघुवीर जोशी ने बताया कि दुबे ने आवेदन में बताया कि मोबाइल उनके बच्चों के पास था, उस दौरान फोन आया सामने से और बैंक अधिकारी बनकर उन्होनें बताया कि उनका कार्ड बंद होने वाला है उसे अपडेट करना है, जिस पर बच्चों ने उनके डेबिड कार्ड का नंबर बताया, सीवीवी पूछा तो वह भी बता दिया। जिसके बाद तीन बार एक-एक लाख रुपए ओटीपी पूछकर निकाले गए, वहीं एक ट्राजेंक्शन 95 हजार तथा एक ट्रांजेक्शन 98 हजार रुपए का किया गया। इस प्रकार बदमाशों ने आनलाइन फ्रॉड करते हुए प्रधान आरक्षक के खाते से करीब 5 लाख रुपए की राशि निकाल ली।

आवेदन पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सायबर सेल को सूचना दी और आनलाइन शिकायत दर्ज करवाई है। शहर थाना प्रभारी जितेन्द्र पाल सिंह जादौन ने शहरवासियों से इस तरह से किसी को भी फोन पर कोई भी जानकारी या ओटीपी नहीं देने की सलाह दी है।

## अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आवेदन 5 मार्च तक करें

**मंदसौर, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री जगदीश प्रसाद अधीक्षक डाकघर मंदसौर द्वारा बतया गया कि भारतीय डाक विभाग द्वारा अंतराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आवेदन 5 मार्च 2024 तक कर सकते है। प्रतियोगिता में छात्र- छात्राएँ अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का उपयोग कर सकते है। अंतराष्?ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता 10 मार्च 2024 को प्रात: 10 बजे से 11 बजे तक आयोजित की जाएगी। परिमंडल स्तर पर प्रथम तीन विजेताओं को प्रथम 25 हजार, द्वितीय 10 हजार एवं तृतीय 5 हजार रूपयेव राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम 50 हजार, द्वितीय 25 हजार एवं तृतीय 10 हजार रूपये पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किये जाएगें। वैश्विक डाक संघ द्वारा चयनित प्रतिभागियों को अन्य पुरस्कार भी प्रदाय किए जाएँगे। स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को वैश्विक डाक संघ के मुख्यालय बर्न, स्विट्ज़रलैंड की यात्रा करने का प्रस्ताव या एक वैकल्पिक पुरस्कार यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन के विवेकाधिकार पर निश्चित किया जावेगा। प्रतियोगिता में 9 से 15 वर्ष तक की छात्र- छात्राएं प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिये नोडल अधिकारी श्री दिलीप कुमार गुप्ता सहायक अधीक्षक के मोबाइल नं. 7587598470 पर, डाक विभाग की वेबसाइट http://www.indiapost.gov.in या कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

## उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा 26 से चार दिवसीय महाराष्ट्र प्रवास पर

**हिंगोली, नादेड़ एवं परभणी में बूथ कार्यकर्ताओं को देंगे मार्गदर्शन**

**नीमच, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा 26 फरवरी से महाराष्ट्र प्रवास पर रहेंगे। श्री देवड़ा महाराष्ट्र में महत्वपूर्ण लोक सभा क्षेत्रों में बूथ कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में भाग लेंगे और उन्हें बूथ प्रबंधन के संबंध में मार्गदर्शन देंगे।



श्री देवड़ा 26 फरवरी को सुबह भोपाल से खण्डवा एवं बुरहानपुर होते हुए हिंगोली (महाराष्ट्र) पहुंचेंगे। वे 27 फरवरी को हिंगोली लोकसभा मतदार संघ के बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे और नांदेड़ के लिए रवाना होंगे। श्री देवड़ा दोपहर में नांदेड़ लोकसभा मतदार संघ के बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे और बूथ कार्यकर्ताओं को बूथ मजबूत बनाने के संबंध में मार्गदर्शन देंगे। वे 28 फरवरी को परभणी में लोकसभा मतदार संघ के बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत कर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे और शाम को परभणी से रवाना होगा बुरहानपुर पहुंचेंगे। वे 29 फरवरी को भोपाल आयेंगे।

## मप्र को जल्द मिलेंगे 543 आयुर्वेद डाक्टर, एमपी पीएससी ने जारी की सूची

**भोपाल, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश को जल्द ही 543 आयुर्वेद डाक्टर मिल जाएंगे। मप्र लोक सेवा अयोग ने साक्षात्कार के उपरांत चयनित डाक्टरों की सूची गुरुवार को जारी कर दी है। अब आयोग द्वारा हाई कोर्ट में केविएट दायर करने की तैयारी है, जिससे कोई अभ्यर्थी या अन्य व्यक्ति हाई कोर्ट में याचिका लगाता है तो आयोग का पक्ष पहले सुना जाए।

आयुष मेडिकल एसोसिएशन के प्रवक्ता डा. राकेश पांडेय ने बताया कि भोपाल, उज्जैन, इंदौर, सतना, रीवा, जबलपुर, ग्वालियर, खंडवा, धार, झाबुआ समेत प्रदेश के लगभग सभी जिलों में नए डाक्टरों को पदस्थ किया जाएगा। इनमें अनारक्षित श्रेणी के 188, अनुसूचित जाति के 110, अनुसूचित जनजाति के 138, अन्य पिछड़ा वर्ग के 97, ईडब्ल्यूएस के 69 समेत 602 डाक्टरों की सूची जारी होनी थी, परंतु 543 डाक्टर ही चयनित हो सके। उल्लेखनीय है कि इसके लिए लिखित परीक्षा 25 सितंबर 2022 को हुई थी। परीक्षा परिणाम आने के बाद इस वर्ष दो जनवरी से 15 फरवरी तक साक्षात्कार हुए थे।

## घर का ताला तोड़ चोर ले उड़े लाखों नकदी व जेवर

**पिपलियामंडी, 25 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गांव खंखराई में चोर सूने घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवर व नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार खंखराई निवासी फतेहसिंह देवड़ा अपने पिता गड्डूसिंह को इलाज के उदयपुर ले गए थे, घर पर कोई नही था। शनिवार-रविवार मध्यरात्रि अज्ञात बदमाशों ने घर का ताला तोड़कर घर में पेटी व सेफ में रखे करीब 5 लाख रुपए नकद, सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए। चोरी की सूचना पर रविवार को फतेहसिंह घर आए और पिपलियामंडी पुलिस थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया। उल्लेखनीय है कि फतेहसिंह के यहां पूर्व में भी चोरी की वारदात हो चुकी है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in